हरद्विार में गंगा नदी पर बनेगा उत्तराखंड का सबसे लंबा पुल

चर्चा में क्यों?

23 फरवरी, 2022 को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय ने गंगा नदी पर बनने वाले राज्य के सबसे लंबे पुल को स्वीकृति दे दी।

प्रमुख बिंदु

- एनएचएआई के अभियंता कपिल जोशी ने बताया कि गंगा नदी पर 3.5 किमी लंबा (एप्रोच समेत) पुल बनेगा। हरिद्वार-दिल्ली हाइवे को नजीबाबाद-हरिद्वार से जोड़ने के लिये यह पुल बनाया जाएगा। यह पुल राज्य का सबसे लंबा पुल होगा।
- पुल को मेजर ब्रिज नाम दिया गया है। एप्रोच छोड़कर पुल की लंबाई 2.561 किमी होगी। यह पुल उत्तराखंड में सबसे लंबा वाहनों की आवाजाही वाला होगा।
- रिंग रोड दो चरणों में तैयार होना है। रिंग रोड का पहला चरण बहादराबाद बाईपास से शुरू होगा और श्यामपुर थाना क्षेत्र के अंजनी चौकी एनएच 74 पर खत्म होगा। इससे हरिद्वार-दिल्ली हाईवे के वाहन सीधे नजीबाबाद-हरिद्वार हाईवे के लिये आवाजाही कर पाएंगे। इनका निर्माण और आवंटन एनएचएआई करेगी।
- रिंग रोड के पहले चरण में 15 किमी 300 मीटर लंबे फोरलेन निर्माण के लिये रेल मंत्रालय के उपक्रम इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड का चयन हुआ है। रिंग रोड के पहले चरण का बजट 1566 करोड़ रुपए था। बजट में कटौती होकर अब 1100 करोड़ रुपए है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-longest-bridge-to-be-built-on-river-ganga-in-haridwar